राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–**pr.rajbhavan@gmail.com**
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

राजभवन में आयोजित सप्ताह भर का 'एक्यूपंक्चर चिकित्सा शिविर' सम्पन्न

पटना, 26 मई 2019

महामहिम राज्यपाल श्री लाल जी टंडन के निदेशानुरूप, राजभवन के राजेन्द्र मंडप में आयोजित सप्ताह भर का 'एक्यूपंक्चर चिकित्सा शिविर' आज सम्पन्न हो गया।

महामहिम राज्यपाल ने इस चिकित्सा शिविर के आयोजन के लिए देश के सुप्रसिद्ध एक्यूपंक्चर विशेषज्ञ डॉ॰ संतोष गुडेरा की प्रशंसा करते हुए कहा है कि अपने विशेष अध्ययन एवं सिद्धहस्तता के कारण इन्होंने हजारों असाध्य रोगों से पीड़ित रोगियों को कष्ट से निजात दिलायी है। राज्यपाल ने राजभवन में आयोजित 'एक्यूपंक्चर चिकित्सा शिविर' में लगभग 400 रोगियों की सफल एक्यूपंक्चर चिकित्सा पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा है कि ऐसे शिविर राजभवन कर्मियों एवं उनके पारिवारिक जन की स्वास्थ्य–सुविधाओं के लिए समय–समय पर आयोजित कराये जाते रहेंगे।

शिविर के प्रमुख चिकित्सक डॉ॰ संतोष गुडेरा ने बताया कि इस शिविर में उन्होंने एलर्जी, एसिडिटी, अर्थराइटिस, सर्वाइकल स्पोन्डलाइटिस, डाइजेस्टिव रोग, हाईपरटेंशन, सुगर, स्लिप डिस्क, साइंटिका किडनी डिर्जार्डर, नेक एंड नी–पेन, मॉस्कूलर विकनेस, बैकपेन आदि से ग्रसित रोगियों की सफल एक्यूपंक्चर चिकित्सा की है। डॉ॰ गुडेरा ने बताया कि 20, 21, 22, 23, 24, 25 एवं 26 मई, 2019 को उनके द्वारा क्रमशः 39, 61, 54, 70, 37, 62 एवं 44 रोगियों की चिकित्सा करते हुए समुचित परामर्श प्रदान किए गये हैं।

शिविर आयोजन में राजभवन के प्रधान चिकित्सक डॉ॰ पी॰के॰वर्मा एवं सिविज सर्जन ऑफिस तथा राजभवन अस्पताल के कर्मियों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

....